तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 18 जुलाई 2026

12 पाँच लाख की दो बड़ी चोरियों के खुलासे में शातिर चोर...



12 बरकई प्राथमिक शाला में प्रबंधन समिति का ...





## खबर संक्षेप



### नरहरपुर जनपद में नए सीईओ का स्वागत

**सरोना।** जनपद पंचायत नरहरपुर में भानु प्रताप चुरेंद्र ने नए मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, सरपंचों, सचिवों एवं रोजगार सहायकों ने उनका पुष्पगुच्छ और माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने नए सीईओ के नेतृत्व में ग्रामीण विकास कार्यों को नई गति मिलने का विश्वास व्यक्त किया।

### दिव्यांग सैनिक को दो लाख की मदद मिली



**कांकेर।** जिले के दिव्यांग सैनिक हवलदार गजेन्द्र कुमार को मुख्यमंत्री सहायता कोष कारगिल फंड से स्वीकृत 02 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे ने आज अपरान्ह में अपने कक्ष में प्रदाय किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांग सैनिक हवलदार गजेन्द्र को यह सहायता राशि भारतीय सेना द्वारा सियाचिन ग्लेशियर में चलाए गए ऑपरेशन रक्षक 2003 के दौरान उनकी सेवाओं के सम्मान एवं सहयोग स्वरूप प्रदान की गई है।

### अपरिहार्य कारणों से प्रवेशोत्सव स्थगित

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव 18 जुलाई को आयोजित होना था, परंतु अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। खंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे ने बताया कि कार्यक्रम की नई तिथि प्रशासनिक स्तर पर तय कर शीघ्र घोषित की जाएगी। उन्होंने सभी विद्यालयों, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों से विभाग द्वारा जारी आधिकारिक सूचना का ही पालन करने की अपील की है। शाला प्रवेशोत्सव के तहत नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां अब नई तिथि पर आयोजित होंगी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए 24 तक मौका

**कांकेर।** राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 17 जुलाई से प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 24 जुलाई तक निर्धारित वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कांकेर में विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इनमें कोपा 06 सीट, स्टेनोग्राफर (हिंदी) 22 सीट, इलेक्ट्रीशियन के 05 सीट, ड्रेस मेकिंग के 08 सीट, स्विंग टेक्नोलॉजी के 10 सीट तथा हॉस्पिटल हाउसकीपिंग के 21 सीटों में प्रवेश दिया जाएगा।

### जिले में अब-तक 2537 मिमी वर्षा

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक जिले की 11 तहसीलों में कुल 2537.1 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा कोयलीबेड़ा तहसील में 415.9 मिमी. तथा सबसे कम आमाबेड़ा तहसील में 145.4 मिमी. वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार कांकेर तहसील में 243.3 मिमी., भानुप्रतापपुर में 208 मिमी., दुर्गुकोंदल में 154.4 मिमी., चारामा.में 234.4 मिमी., अंतागढ़ में 193.1 मिमी., पखांजूर में 189.8 मिमी., नरहरपुर में 206.4 मिमी., सरोना में 216 मिमी. और बांदे में 330.4 मिमी. वर्षा अब तक दर्ज की गई है। इसी तरह पिछले 24 घंटे में जिले में 19.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# हाटकोंगेरा में दफन शव पर विवाद ने पकड़ा तूल, सरपंच के खिलाफ अविश्वास की तैयारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

कांकेर जिले के हाटकोंगेरा ग्राम पंचायत में धर्मांतरित व्यक्ति के शव दफन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब नए मोड़ पर पहुंच गया है। प्रशासन द्वारा दफनाए गए शव को निकालने की प्रक्रिया तय किए जाने के बावजूद संबंधित परिवार के मौके पर नहीं पहुंचने से मामला और उलझ गया। दूसरी ओर ग्राम पंचायत में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर सरपंच की भूमिका पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने उनके इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। पंचायत के 13 में से 11 पंचों ने सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया है तथा इस संबंध में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शव दफन को लेकर उत्पन्न विवाद के कारण गांव का माहौल लगातार तनावपूर्ण बना ▶▶| शेष पेज 10 पर

## 13 में से 11 पंचों ने सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का लिया निर्णय

### धर्मांतरित व्यक्ति का शव दफनाने को लेकर विवाद, नदी किनारे दफनाने से ग्रामीणों में आक्रोश

**हरिभूमि फालोअप**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

...कांकेर अंतर्गत ग्राम हाटकोंगेरा ... परिवार के सदस्य के शव को नदी ... दफनाए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। ... 15 जुलाई का है। शव दफनाने के अगले दिन 16 जुलाई को सुबह गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया है और स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शव को उक्त स्थान से हटाने की मांग करते हुए अपनी नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस परिवार के मृत सदस्य का शव दफनाया गया है, उस परिवार को पूर्व में ग्राम पंचायत स्तर पर सामाजिक रूप से बहिष्कृत करने का निर्णय लिया गया था। उनका दावा है कि इस संबंध में लिखित निर्णय भी मौजूद है, जिसके तहत परिवार के साथ सामाजिक और आर्थिक व्यवहार पूरी तरह बंद कर दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा आश्वासन देकर शव को गांव के समीप नदी किनारे दफनाने की अनुमति दी गई, जिससे पूरे गांव में असंतोष फैल गया। उनका कहना है कि यदि बहिष्कार का निर्णय प्रभावी था, तो उसके विपरीत जाकर इस प्रकार की अनुमति देना उचित नहीं था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में केवल दो लोगों की प्रमुख भूमिका रही है। उनके अनुसार सरपंच और गांव के पटेल ने इस संबंध में निर्णय लिया, ▶▶| शेष पेज 10 पर

#### गांव में पुलिस तैनात, ग्रामीणों ने शव हटाने की उठाई मांग

**पुलिस लगातार कर रही है निगरानी**

घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंची। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से लगातार चर्चा कर उन्हें शांत रहने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की समझाइश दिया जा रहा है।



**ग्रामीणों की माँग**

ग्रामीणों का कहना है कि उनकी मांग है कि शव को नदी किनारे से हटाया जाए तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट किया जाए कि किसके निर्देश और अनुमति से वहां दफनाने की कार्रवाई की गई। वहीं प्रशासन की ओर से फिलहाल इस मामले में कोई अधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

#### 11 सरपंचों ने हस्ताक्षर कर सौंपा ज्ञापन

*13 सदस्यीय पंचायत में 11 पंचों ने अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लेते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सरपंच पर पंचायत के दायित्वों के निर्वहन में विफल रहने तथा विवाद के समाधान के लिए प्रभावी पहल नहीं करने के आरोप लगाए गए हैं। साथ ही ग्रामीणों ने सरपंच से नैतिक आधार पर इस्तीफा देने की मांग भी की है।*

## कार्रवाई : सुरूंगदोह, दंडईखेड़ा और दमकसा में मिली एमपी की शराब

# नक्सलियों के पुराने रास्तों से तस्करी लाखों की शराब और बीयर बरामद

*कभी नक्सलियों की आवाजाही के लिए कुख्यात रहे जंगलों के रास्ते अब अवैध शराब तस्करों के लिए सुरक्षित गलियारा बनते दिखाई दे रहे हैं। कांकेर जिले में कोड़ेकुर्से, लोहत्तर और दमकसा थाना क्षेत्रों में लगातार की गई कार्रवाई में तीन अलग-अलग मामलों का खुलासा हुआ है। जांच के दौरान यह महत्वपूर्ण इनपुट सामने आया कि मध्य प्रदेश के बैतूल क्षेत्र से लाई गई शराब पहले महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में एकत्र की जाती है और वहां से नक्सलियों के पुराने मार्गों का उपयोग करते हुए कांकेर जिले में खपाई जा रही है।*

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

जानकारी के अनुसार थाना कोड़कुर्से पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि सुरूंगदोह में एक व्यक्ति अपने खेत (लाड़ी) में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब छिपाकर बिक्री कर रहा है। जानकारी मिलते ही थाना की गठित विशेष टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी। मौके पर सुरूंगदोह निवासी आरोपी टुकेश्वर कुमार जैन संदिग्ध अवस्था में मिला। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 15 पेटी गोवा व्हिस्की, 25 नग खुली गोवा व्हिस्की, 6 पेटी बीयर तथा 3 नग खुली कैन बीयर बरामद हुई। कुल 213 लीटर अंग्रेजी शराब की कीमत 1 लाख 8 हजार रूपए आंकी गई। पूछताछ के दौरान आरोपी शराब रखने एवं बिक्री संबंधी कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने समस्त शराब जब्त कर उसके विरुद्ध थाना कूड़ेकुर्से में आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिसम्मत कार्रवाई की। दबोचे गए आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में थाना दुर्गूकोंदल में जुआ एक्ट के तहत तथा वर्ष 2026 में थाना कोड़ेकुर्से में आबकारी अधिनियम ▶▶| शेष पेज 10 पर

### मध्यप्रदेश की शराब गढ़चिरौली के रास्ते मानपुर सीमा के इलाकों से पहुँची रही कांकेर



*लोहत्तर, कोड़ेकुर्से और दमकसा क्षेत्र में की कार्रवाई से खुली सप्लाई चेन की परतें, कई नामों का हुआ खुलासा*






#### नक्सलियों के पुराने रास्ते बने शराब तस्करों का नया कॉरिडोर

अवैध शराब तस्करी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। आरोपियों ने बताया कि मध्य प्रदेश के बैतूल से शराब पहले महाराष्ट्र के गढ़चिरौली पहुंचाई जाती थी, जहां से नक्सलियों के पूर्व में उपयोग किए जाने वाले सुरक्षित जंगल मार्गों के जरिए कांकेर जिले में लाया जाता था। आरोपियों के अनुसार नक्सली गतिविधियां समाप्त होने और इन मार्गों पर पुलिस की आवाजाही अपेक्षाकृत कम होने का फायदा उठाकर तस्कर कई महीनों से इसी रास्ते से मध्य प्रदेश की शराब कांकेर में खपा रहे थे।

#### दंडईखेड़ा व दमकसा में भी मिली एमपी की शराब

*थाना लोहत्तर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम दंडईखेड़ा निवासी एक व्यक्ति अपने किराना दुकान में अवैध अंग्रेजी शराब रखकर बिक्री कर रहा है। जानकारी मिलने पर सहायक उप निरीक्षक पवन मरकाम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान दुकान से 15 शीशी गोवा अंग्रेजी शराब, 15 नग लिमाउंट बीयर सहित कुल 10.2 लीटर अवैध शराब तथा बिक्री की 280 रुपये नगद राशि जब्त की गई। आरोपी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। शराब के कार्टून में मध्य प्रदेश की सरकार लिखा हुआ था। तीसरी कार्रवाई दमकसा चौकी क्षेत्र में पुलिस ने दमकसा निवासी शिव आंचला के कब्जे से मध्य प्रदेश निर्मित गोवा ब्रांड की आठ पौवा शराब बरामद कर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की।*

# सूने घर में अज्ञात लोगों ने ढाया कहर तोड़फोड़ से हजारों की हुई क्षति



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

जिले के ताड़ोकी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पदबेड़ा में एक परिवार के लिए घर लौटने का पल उस समय सदमे में बदल गया, जब गृहस्वामी ने अपने मकान को क्षतिग्रस्त हालत में पाया। अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मकान में तोड़फोड़ किए जाने से करीब 90 हजार रुपये के नुकसान का दावा किया गया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पदबेड़ा निवासी 45 वर्षीय जगदेव दर्रो 13 जुलाई 2026 को किसी निजी कार्य से अंतागढ़ गए हुए थे। शाम करीब 7 बजे जब वे वापिस अपने घर पहुंचे तो मकान की स्थिति देखकर हैरान रह गए। उनके अनुसार अज्ञात व्यक्तियों ने घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की थी। मकान की छत पर लगी सीमेंट शीट को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, वहीं इंदिरा आवास योजना के तहत निर्मित मकान की एक तरफ की दीवार को भी तोड़ दिया गया था।

घटना से मकान को भारी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित का कहना है कि तोड़फोड़ के कारण उसे लगभग 90 हजार रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। घटना के बाद क्षेत्र में भी चर्चा का माहौल है और ग्रामीणों ने भी इस तरह की घटना पर चिंता व्यक्त की है। पीड़ित जगदेव दर्रो ने थाना ताड़ोकी में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर अज्ञात आरोपियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने बताया कि उनकी किसी से कोई जानकारी नहीं है कि आखिर किसने और किस कारण से उनके घर को निशाना बनाया।

#### अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज

*पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ धारा 324 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक स्तर पर घटना के कारणों और इसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान के लिए जानकारी जुटाई जा रही है। जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने भी दोषियों को जल्द चिन्हित कर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।*

# जच्चा-बच्चा मौत मामले में सीएचसी की दो नर्सों को किया निलंबित

### उपचार कोताही व लापरवाही पर की कार्रवाई





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर**

जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने जांच रिपोर्ट के आधार पर लापरवाही और उपचार में कोताही सामने आने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भानुप्रतापपुर में पदस्थ दो स्टाफ नर्सों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है, जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत एक अन्य स्टाफ नर्स की वार्षिक वेतन वृद्धि पर रोक लगा दी गई है। इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल प्रशासन में हलचल तेज हो गई है।

जानकारी के अनुसार कुछ समय पूर्व शासकीय अस्पताल भानुप्रतापपुर में प्रसव के दौरान जच्चा और नवजात की मौत का मामला सामने आया था। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने पूरे प्रकरण की जांच के लिए समिति गठित की थी। जांच समिति ने घटनाक्रम, ड्यूटी व्यवस्था तथा उपचार प्रक्रिया का परीक्षण कर अपनी रिपोर्ट विभाग को सौंप दी। रिपोर्ट के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ स्टाफ नर्स रजनी एवं रोसम्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत स्टाफ नर्स रीता बघेल की एक वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) रोकने की कार्रवाई की गई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि मरीजों के उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और कर्तव्य निर्वहन में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### प्लेटफॉर्म का निर्माण मंजूर यात्रियों को मिलेगी सुविधाएं





**भानुप्रतापपुर।** भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। स्टेशन मास्टर शादाब आलम के निरंतर प्रयासों तथा रेलवे सलाहकार समिति के निवेदन पर रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर में प्रस्तावित गुड्स शेड के स्थान पर अब यात्री प्लेटफॉर्म निर्माण का निर्णय लिया है। इसके साथ ही भानुप्रतापपुर रेलवे स्टेशन की कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए सम्बलपुर रोड ब्रिज से स्टेशन तक बने नई सड़क को मुख्य सड़क बनाया ▶▶| शेष पेज 10 पर

### बिजनेस में मुनाफे का झांसा दिया एवं महिला से 2.18 लाख की ठगी

**कांकेर।** अधिक मुनाफे का लालच देकर निवेश के नाम पर एक महिला से 2 लाख 18 हजार रुपये की ठगी करने का मामला भानुप्रतापपुर थाना में दर्ज किया गया है।





रकम लेकर आरोपी हुआ चंपत
मामले की विवेचना जारी

पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया नयापारा क्रांति चौक संबलपुर निवासी 55 वर्षीय नजमा बेगम पति रोशन खान ने लिखित शिकायत में बताया कि वह बाजारों में चूड़ियां बेचकर परिवार का पालन-पोषण करती हैं। रायपुर स्थित अपनी बेटी और दामाद के घर आने-जाने के दौरान उनकी पहचान आरोपी प्रितेश मोटघरे से हुई थी। आरोपी ने स्वयं को व्यवसायी बताते हुए अपने कारोबार में निवेश करने पर अधिक मुनाफा दिलाने का ▶▶| शेष पेज 10 पर

*सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में न्यायिक जांच और फॉरेंसिक ऑडिट की जाए*

# राम मंदिर चंदा चोरी पर कांग्रेस ने की न्यायिक जांच एवं ऑडिट की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से जुड़े कथित चंदा एवं चढ़ावा अनियमितताओं के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त प्रभारी एवं पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि भगवान श्रीराम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के प्रतीक हैं। देशभर के श्रद्धालुओं ने मंदिर निर्माण के लिए श्रद्धा और विश्वास के साथ दान दिया था। दान की हुई चोरी की जाँच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में और फांरेसिक आडिट की माँग करते है।

जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक ने कहा कि यदि मंदिर निर्माण, चढ़ावे और दान के उपयोग को लेकर किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता के आरोप सामने आते हैं तो यह केवल आर्थिक विषय नहीं, बल्कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट से जुड़े कुछ पदाधिकारियों के इस्तीफे और मीडिया में प्रकाशित खबरों ने कई सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस का कहना है कि यदि सभी कार्य नियमों और पारदर्शिता के साथ हुए हैं तो पूरे मामले की स्वतंत्र जांच कराने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस की ओर से मांग रखी कि पूरे प्रकरण की सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र न्यायिक जांच कराई ▶▶| शेष पेज 10 पर

## बस्तर से वापसी के दौरान रविवार को कांकेर में करेंगे समीक्षा

# मुख्य न्यायाधीश को कांकेर में दिया गया गॉर्ड ऑफ ऑनर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा का बस्तर प्रवास के दौरान शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे कांकेर आगमन हुआ। शासकीय विश्राम गृह पहुंचने पर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं न्यायिक अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। बस्तर से वापिसी होने के उपरांत रविवार को कांकेर न्यायालय की भी समीक्षा कर सकते है।

मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के स्वागत के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा तथा जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भास्कर मिश्र उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर जिले में आगमन पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन द्वारा मुख्य न्यायाधीश को औपचारिक गॉर्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। पुलिस के जवानों ने निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत सलामी देकर उनका सम्मान किया।

समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जहां प्रशासनिक और न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। मुख्य न्यायाधीश के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्व से ही सुनिश्चित की गई थीं। शासकीय विश्राम गृह परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे तथा प्रोटोकॉल के अनुरूप सभी तैयारियां पूरी की गई थीं।



#### स्वागत के दौरान यह भी रहे उपस्थित

*इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुमार कुर्रे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू, संयुक्त कलेक्टर सरस्वती बंजारे सहित जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं जिला न्यायालय के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।*



#### जिले की ओर से सम्मान प्रकट किया

*मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा का यह बस्तर प्रवास न्यायिक एवं प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके कांकेर आगमन पर प्रशासनिक अधिकारियों और न्यायपालिका के प्रतिनिधियों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए जिले की ओर से सम्मान प्रकट किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गरिमापूर्ण माहौल बना रहा और सभी औपचारिकताएं निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुरूप संपन्न हुईं।*

# दुर्गम जाटलूर में विकास की नई राह, आईटीबीपी ने बनाया 250 फीट लंबा सस्पेंशन ब्रिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणपुर

पूर्व में नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और स्थानीय नागरिकों के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने की दिशा में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल की 38वीं वाहिनी ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जाटलूर नाला पर निर्मित 250 फीट लंबे लकड़ी के फुट सस्पेंशन ब्रिज का लोकार्पण केंद्रीय सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक अजय पाल सिंह ने किया। यह पुल क्षेत्र के ग्रामीणों, विद्यार्थियों एवं सुरक्षा बलों के लिए वर्षभर सुरक्षित और सुगम आवागमन का माध्यम बनेगा। लगभग 250 फीट लंबे, 5 फीट चौड़े और 15 फीट ऊंचे इस सस्पेंशन ब्रिज का निर्माण आईटीबीपी के जवानों तथा स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त श्रमदान एवं स्थानीय संसाधनों के उपयोग से किया गया है। बरसात के दौरान जाटलूर नाला उफान पर होने से आवागमन बाधित हो जाता था, जिससे ग्रामीणों और स्कूली विद्यार्थियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। पुल के निर्माण से अब इस समस्या का स्थायी समाधान हो गया है। आवागमन अधिक सुरक्षित एवं निर्बाध हो सकेगा। लोकार्पण समारोह में कमांडेंट राजीव गुप्ता (45वीं वाहिनी), अभिषेक सूद (29वीं वाहिनी), द्वितीय कमान अशोक कुमार सिंह (38वीं वाहिनी), संजय कुमार (53वीं वाहिनी) सहित केंद्रीय सीमांत मुख्यालय एवं आईटीबीपी की विभिन्न वाहिनियों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**बरसात में आवागमन की वर्षों पुरानी समस्या हुई दूर, ग्रामीणों और विद्यार्थियों को मिलेगा सीधा लाभ**

### विद्यार्थियों व ग्रामीणों को साइकिल का वितरण

इस अवसर पर आईटीबीपी द्वारा संचालित सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत स्कूली विद्यार्थियों एवं जरूरतमंद ग्रामीणों को साइकिलों का वितरण किया गया। साथ ही स्वरोजगार, कौशल विकास तथा केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया तथा सामूहिक भोज का आयोजन भी किया गया। स्थानीय नागरिकों ने आईटीबीपी की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह पुल न केवल क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं को मजबूत करेगा, बल्कि सुरक्षा बलों और स्थानीय समुदाय के बीच विश्वास एवं सहभागिता को भी नई मजबूती प्रदान करेगा।




**पुल का नाम होगा शहीद अमोल माधवराव महस्के :** कार्यक्रम के दौरान पुल निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अधिकारियों एवं जवानों को महानिरीक्षक अजय पाल सिंह ने प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने घोषणा की कि इस नव-निर्मित सस्पेंशन ब्रिज का नाम नक्सल विरोधी अभियान में सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद अमोल माधव राव महस्के की स्मृति में रखा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### महिला को बचाने के प्रयास में माजदा पलटी



**फरसगांव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रांधना आमोडीपारा स्थित मरघट मोड़ के पास शुक्रवार को मिर्ची के पौधों से भरे एक माजदा वाहन अनियंत्रित होकर तीन पलटी खाते हुए सड़क किनारे खेत में जा गिरी। बताया जा रहा है कि वाहन रायपुर से बड़ी मात्रा में मिर्ची के पौधे लेकर माकड़ी की ओर जा रही थी। इसी दौरान अचानक सामने एक महिला आ गई, जिसे बचाने के प्रयास में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया। हादसे के समय वाहन में तीन लोग सवार थे। सभी को हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए रांधना उपस्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में सहयोग किया। वाहन के पलटने से मिर्ची के पौधे खेत में बिखर गए और वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

### स्मार्ट मीटर से बढ़े बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी

**केशकाल।** क्षेत्र में लगाए जा रहे स्मार्ट बिजली मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



बड़ी संख्या में लोगों का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिल पहले की तुलना में काफी अधिक आ रहे हैं। इससे आम उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है और लोगों में चिंता का माहौल है। कई उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि पहले जहां उनका बिजली बिल सामान्य आता था, वहीं स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिना बिजली खपत में विशेष वृद्धि हुए भी बिल में काफी बढ़ोतरी हो गई है। लोगों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के दौर में अधिक बिजली बिल भरना उनके लिए मुश्किल होता जा रहा है। उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग से स्मार्ट मीटरों की कार्यप्रणाली और बिलिंग प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि मीटर पूरी तरह सही हैं तो विभाग को बिल की गणना और बिजली खपत का स्पष्ट विवरण उपलब्ध कराना चाहिए, ताकि किसी प्रकार का भ्रम न रहे। वहीं यदि किसी प्रकार की तकनीकी गड़बड़ी या बिलिंग में त्रुटि है तो उसका शीघ्र निराकरण किया जाए। क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन और बिजली विभाग से उपभोक्ताओं की शिकायतों पर गंभीरता से ध्यान देते हुए बढ़े हुए बिजली बिलों की निष्पक्ष जांच कराने तथा आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

### यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की पहल

# शहर में अब तय स्टॉपेज पर ही रुकेंगी बसें, नियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

- जिला परिवहन कार्यालय में बस संचालकों और ऑटो संघ के साथ बैठक

शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से जिला परिवहन कार्यालय में बस स्टॉपेज व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार आयोजित हुई। बैठक में सभी बस संचालकों एवं उनके प्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया कि बसों का ठहराव केवल निर्धारित बस स्टॉपेज पर ही किया जाए। शहर के भीतर अनाधिकृत स्थानों पर सवारी चढ़ाने–उतारने से बचें।



**चार स्थान किए गए निर्धारित** – बैठक में निर्णय लिया गया कि बसों का ठहराव केवल मर्दापाल चौक, बंधा गार्डन, गांधी चौक और रायपुर नाका के पास निर्धारित स्टॉपेज पर ही होगा। अन्य किसी स्थान पर बस रोककर सवारी चढ़ाने या उतारने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कहीं बस रोकने या सवारी बैठाने पर कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने बस संचालक और आटो मालिकों को स्पष्ट किया कि निर्धारित व्यवस्था का उल्लंघन करने वाले बस संचालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**ये अधिकारी रहे उपस्थित** – बैठक में जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव, थाना कोतवाली प्रभारी सौरभ उपाध्याय, यातायात प्रभारी मुकेश जोशी, नगर पालिका के अशोक साहू, बस संचालक एवं ऑटो चालक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### यात्री सुविधा और सड़क सुरक्षा पर जोर

बैठक में यात्रियों की सुविधा, शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन, पुलिस और नगर पालिका के बीच समन्वय बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। इसके तहत तेज वाहन चालन, कहीं भी वाहनों को रोककर सवारी बैठाने पर कार्रवाई, अनाधिकृत जगहों पर वाहनों की पार्किंग सहित अन्य पर कार्रवाई व जुर्माना की जानकारी दी गई।

# नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ आत्मीय स्वागत



**फरसगांव।** आदर्श विद्यालय में शुक्रवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक डी.के. मसीह, बी.के. चौहान एवं भास्कर सर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान शाला की प्राचार्य श्रीमती रचना डिंपल जैकब, उपप्राचार्य नरेंद्र सोनसर्वे, संकुल समन्वयक अवनेश दादौरिया सहित श्रीमती संगीता बघेल, सौरभ शार्दूल, श्रीमती शकुन राणा, श्रीमती बविता दास, श्रीमती सविता मिश्रा, श्रीमती कविता देवांगन, श्रीमती दीक्षा ध्रुव, नागेश्वर देवांगन, राहुल कोर्राम, श्रीमती तुलेश ध्रुव, खगेश साहू, लोकेश कुमार सेनपाल एवं भूषण नायक सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव शिक्षा :** अतिथियों ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं शिक्षा के महत्व पर प्रेरित करते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता की सबसे मजबूत नींव है। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशी विद्यार्थियों को विद्यालय से जोड़ना, शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रेरित करना रहा। पूरे आयोजन में उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

# मलखंभः देवगांव पोर्टा केबिन विद्यालय के 7 खिलाड़ी राज्य स्तर पर चयनित

**नारायणपुर।** पोर्टा केबिन आवासीय विद्यालय देवगांव ने खेल जगत में एक और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के सात छात्र-छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय मलखंभ प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस सफलता का श्रेय विद्यालय की अधीक्षक रंजीता नाग के कुशल नेतृत्व, मलखंभ प्रशिक्षक के समर्पित मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया जा रहा है।

- अधीक्षक रंजीता के नेतृत्व और नियमित प्रशिक्षण का मिला परिणाम

विद्यालय में खेल गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। नियमित प्रशिक्षण, अनुशासित अभ्यास और खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के परिणामस्वरूप विद्यार्थियों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर तक अपनी जगह बनाई।

इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। शिक्षकों, अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने विश्वास जताया है कि ये खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र और नारायणपुर जिले का नाम रोशन करेंगे।




**निरंतर अभ्यास सफलता की कुंजीः नाग :** विद्यालय की अधीक्षक रंजीता नाग ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है, और उन्हें विश्वास है कि विद्यार्थी राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।

# पदोन्नत वनकर्मचारियों के कंधे पर लगाए सितार, केशकाल वनमंडल में स्टार अलंकरण समारोह

**केशकाल।** छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के तत्वावधान में केशकाल वनमंडल में नवनियुक्त और पदोन्नत कर्मचारियों के सम्मान में एक 'स्टार अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया। शुक्रवार को विशेष कार्यक्रम में उप वन क्षेत्रपाल डिप्टी रेंजर और वनरक्षक से वनपाल फॉरेस्टर के पद पर पदोन्नत हुए कर्मचारियों के कंधों पर अधिकारियों द्वारा स्टार लगाकर उन्हें सम्मानित किया गया।

समारोह में वनपाल से उप वन क्षेत्रपाल पद पर पदोन्नत फूलबत्ती कोडोपी और परसराम मरकाम का सम्मान किया गया। वहीं वनरक्षक से वनपाल पद पर पदोन्नत सरिता मरकाम, किसन सिंह, बृजलाल नेताम, भूपेन्द्र कुमार नाग और बुधचंद मरकाम को भी स्टार अलंकरण प्रदान किया गया। वनमंडलाधिकारी केशकाल दिव्या गौतम एवं उप वनमंडलाधिकारी सुषमा जे. नेताम ने पदोन्नत कर्मचारियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में वनमंडल के सभी वन परिक्षेत्र अधिकारी, वनमंडल कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी, लिपिक, वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# लिलेझर में बाल कैबिनेट का गठन, छात्रों ने संभाली अपनी जिम्मेदारी

**चारामा।** शाउमावि लिलेझर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के सफल संचालन एवं विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता विकसित करने के उद्देश्य से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। कार्यक्रम शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष हरदेव बघमारिया, प्राचार्य लखनलाल ठाकुर तथा विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के स्काउट एवं गाइड दल द्वारा स्पेशल क्लैप के साथ अतिथियों के स्वागत तथा सर्वधर्म प्रार्थना के सामूहिक गायन से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों की सर्वसम्मति से विभिन्न पदों एवं विभागों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। बाल कैबिनेट में मनीष कुमार को शाला नायक एवं रागनी को उपशाला नायक चुना गया। अनुशासन विभाग की जिम्मेदारी चुम्मन, मोनिका तेता, हेमलता, युगल, धनेश्वरी एवं लुमिता को सौंपी गई। स्वच्छता विभाग में रोशनी, सावित्री, कुमकुम एवं शेखर, खेल विभाग में शैलेष कुमार वर्मा एवं गीतांजली, सांस्कृतिक विभाग में बबीता, मोनाली, होलिका एवं चैतन्या, शिक्षा विभाग में हेमपुष्पा शोरी एवं रविकांत, रेडक्रॉस विभाग में यामिनी एवं चंचल, खोया-पाया विभाग में दुर्गेश एवं वंदना, एनएसएस विभाग में खिलेन्द्र, नीतिन, हेमलता, युगल किशोर एवं कुमकुम, स्काउट-गाइड विभाग में हेमेश्वरी सिन्हा एवं हिमेश्वरी, इको क्लब में शैलेश एवं यामिनी तथा गुप्तचर विभाग का भी गठन किया गया।



## पेज 9 के शेष

### हाटकोंगेरा में दफन शव पर...

हुआ है। उनका आरोप है कि पंचायत स्तर पर समय रहते उचित पहल नहीं किए जाने से विवाद गहराता चला गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले में निष्पक्ष कार्रवाई करने और गांव में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। इधर दफनाए गए शव को निकालने की प्रस्तावित प्रक्रिया के दौरान संबंधित परिवार के सदस्य मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे स्थिति और जटिल हो गई। प्रशासन ने पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए। इस बीच पंचायत के अधिकांश निर्वाचित प्रतिनिधियों ने भी सरपंच के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन के बाद अब आगे की वैधानिक प्रक्रिया पर सभी की नजरें टिकी हैं। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी तथा गांव में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम लगातार उठाए जाएंगे।

### नक्सलियों के पुराने रास्तों से...

की धारा 34(2) के तहत पहले से प्रकरण दर्ज होना पाया गया।

### राम मंदिर चंदा चोरी पर कांग्रेस ने...

जाए। साथ ही राम मंदिर निर्माण, दान, चढ़ावा, भूमि क्रय, विभिन्न आयोजनों और व्यय की फॉरेंसिक ऑडिट कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। उन्होंने कहा कि यदि जांच में कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के कठोर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला महामंत्री हेमंत ध्रुव, गफ्फार मेमन, अनुसूचित जनजाति आयोग के पूर्व सदस्य नितिन पोटाई, मुन्ना ठाकुर एवं अन्य उपस्थित रहे।

### बिजनेस में मुनाफे का झांसा दिया...

भरोसा दिलाया। इसके बाद उसने कई बार मोबाइल पर संपर्क कर निवेश के लिए दबाव बनाया। महिला आरोपी के झांसे में आ गई और 24 दिसंबर 2025 को ग्रामीण बैंक संबलपुर से आरोपी द्वारा बताए गए बैंक खाते में 2 लाख 18 हजार 18 रुपये जमा कर दिए। कुछ माह बीत जाने के बाद भी रकम वापस नहीं मिलने पर महिला रायपुर पहुंची, जहां जानकारी मिली कि आरोपी अपने घर से गायब है तथा उसका मोबाइल फोन भी बंद है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि आरोपी ने अन्य लोगों से भी इसी प्रकार रकम लेकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने आरोपी प्रितेश कुमार मोटघरे के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### जच्चा-बच्चा मौत मामले में...

सीएमएचओ डा. आरसी ठाकुर के अनुसार इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल जिम्मेदारी तय करना ही नहीं, बल्कि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना भी है। स्वास्थ्य संस्थानों में सेवाओं की गुणवत्ता, जवाबदेही और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

### प्लेटफॉर्म का निर्माण मंजूर...

जाएगा । इससे यात्रियों को स्टेशन तक आने-जाने में काफी सुविधा मिलेगी। स्टेशन मास्टर शादाब आलम ने स्टेशन की आवश्यकताओं और स्थानीय जनभावनाओं को लगातार अपने उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया तथा इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहे। उनके इन प्रयासों के सफल होने पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य श्रीराम शोरी, दिलदार सिंह ठाकुर, अनंत गोपाल कोठारी, मोहन हरद्वानी, प्रदीप जैन, अभिषेक पाण्डेय एवं आदित्य गोलानी ने स्टेशन मास्टर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र

# मेधावी छात्राओं का सम्मान व 22 को साइकिल दी गई



**सरोना।** कांकेर जिले की सरोना तहसील अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी की 22 छात्राओं को निःशुल्क सायकलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की विद्यालय तक नियमित पहुंच सुनिश्चित करना तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना रहा। नई सायकल मिलने पर छात्राओं ने खुशी जताई और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार व जिले का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं की छात्रा प्रीति मंडावी को बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर पंचम सिंह नेताम ने 10 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। वहीं 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले अन्य छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि सरस्वती सायकल योजना ग्रामीण छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। इससे दूरस्थ गांवों की बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और पढ़ाई बीच में छोड़ने की संभावना कम होगी। उन्होंने छात्राओं से अनुशासन, नियमित अध्ययन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद सदस्य भाऊ राम भास्कर, सरपंच मालती नेताम, मनु राम भास्कर, भाजपा मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन नेताम, यशवंत सुरोजिया, जीएस नेताम, पंचम सिंह नेताम, विश्वनाथ नेताम तथा शंभू नेताम, प्राचार्य रामप्रसाद नेताम, संकुल प्राचार्य आरके रामटेके सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों उपस्थित रहे।

### महापौर ने किया गोंचा गुड़ी का उद्घाटन

**जगदलपुर।** रिमझिम बारिश के बीच गोंचा गुड़ी का उद्घाटन महापौर संजय पांडे ने किया। इस अवसर पर 360 आरण्य ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, पूर्व सांसद और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप, रजनीश पाणिग्रही सहित आरण्य ब्राह्मण समाज सदस्य समेत अन्य उपस्थित थे।

# सरस्वती की निशुल्क साइकिल से 15 छात्राओं की शिक्षा को मिली रफ्तार

**दुर्गुकोंदल।** छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने तथा विद्यालय आने-जाने में होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के उद्देश्य से संचालित सरस्वती साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय हाई स्कूल कलंगपुरी में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 9वीं की 15 छात्राओं को अतिथियों के करकमलों से साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश कुमार कुलदीप तथा विशेष अतिथि निर्मला आचला ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर अध्ययन करने और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और शासन की योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बेटियों को बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराना है। साइकिल मिलने से छात्राओं का समय बचेगा, विद्यालय तक पहुंच आसान होगी तथा वे आत्मविश्वास के साथ अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगी।



तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, क्षेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026, 06 जनवरी 2027 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### अरुणोदय किड्स ने पौधरोपण व ग्रीन डे मनाया



**गीदम।** अरुणोदय किड्स के 11वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में प्रभारी शिक्षिका रूपा पाणिग्राही ने स्कूल परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक संतोष महापात्र एवं नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय में ग्रीन डे थीम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चे हरे रंग की ड्रेस पहनकर विद्यालय पहुंचे, पूरे परिसर में हरियाली, उत्साह और उमंग का वातावरण देखने को मिला। शिक्षकों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण, वृक्षों के महत्व तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। शिक्षिकाएं भारती देवांगन, ज्योति गायकवाड़ एवं दिव्या कश्यप उपस्थित रहीं।

### शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन



**घाटलोहंगा।** न्यू जर्नलिस्ट छत्तीसगढ़ फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने जिले की शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त विभिन्न समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के लोगों ने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ शिक्षकों की स्थिति, एकल शिक्षक के भरोसे संचालित विद्यालयों, शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट तथा विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़े गंभीर मुद्दों पर तत्काल संज्ञान लेने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षा को समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला माना जाता है, लेकिन ग्रामीण एवं आदिवासी क्षेत्रों के अनेक शासकीय विद्यालय आज भी बुनियादी सुविधाओं और पर्याप्त शिक्षकों के अभाव से जूझ रहे हैं। कई विद्यालयों में वर्षों से एक ही शिक्षक पदस्थ हैं, जबकि अनेक स्कूल ऐसे हैं जहां केवल एक शिक्षक के भरोसे सभी कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संगठन ने यह भी उल्लेख किया कि कई स्थानों पर जर्जर स्कूल भवन, शिक्षकों की कमी, समय पर शैक्षणिक व्यवस्था का संचालन न होना तथा प्रशासनिक लापरवाही के कारण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है।

### 10 दिनों से बंद स्ट्रीट लाइट हुई चालू

**बस्तर।** छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण का एक सकारात्मक उदाहरण बस्तर नगर पंचायत क्षेत्र में देखने को मिला। राजेंद्र नगर वार्ड क्रमांक 4, मुख्य मार्ग, सुलभ शौचालय के पीछे निवासी ऋषि तिवारी द्वारा क्षेत्र में पिछले लगभग 10 दिनों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में दर्ज कराई गई थी।


### नाम परिवर्तन की सूचना

मैं ईमला हिडको पिता- भगवान सिंह हिडको जाति-गोड उम्र-20 वर्ष निवासी ग्राम-हिंगनझर तहसील- दुर्गूकोन्दल जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.) ने अपना नाम ईमला हिडको IMLA HIDAKO, पिता- भगवान सिंह हिडको BHAGVAN SINGH HIDAKO (पुराना नाम) से बदल कर ईमला EMALA पिता- भगवान सिंह हिडको BHAGVAN SINGH HIDKO (नया नाम) रख लिया है।

दिनांक- 17/07/2026

आवेदिका- ईमला हिडको


## कलेक्टर की निगरानी से तेज हुए निर्माण कार्य

# मैदानी मॉनिटरिंग बनी विकास की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुदूर और संवेदनशील क्षेत्र जगरगुंडा में विकास कार्यों को नई गति देने के लिए कलेक्टर अमित कुमार लगातार मैदानी स्तर पर निगरानी कर रहे हैं। शुक्रवार को उनके दौरे ने यह स्पष्ट कर दिया कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता अब केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें तय समय में धरातल पर उतारना भी है।

कलेक्टर अमित कुमार ने जिला पंचायत सीईओ मुकुंद ठाकुर के साथ निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति



का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन निर्माण पूरा होते ही अस्पताल को तत्काल शुरू किया जाए, ताकि जगरगुंडा और आसपास के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूर-दराज़ का रुख न करना पड़े। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, जनरल वार्ड, प्रयोगशाला, आवश्यक मशीनों की स्थापना, एंबुलेंस के सुगम आवागमन के लिए रैंप और सड़क चौड़ीकरण जैसी व्यवस्थाओं को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने और पर्याप्त चिकित्सकीय व पैरामेडिकल स्टाफ की पदस्थापना सुनिश्चित करने पर जोर दिया। कलेक्टर अमित कुमार ने निर्माणाधीन छात्रावास भवन और परिसर में बन रही सीसी सड़क का निरीक्षण करते हुए स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को समय-सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण कर भवन संबंधित विभाग को सौंपने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थियों को जल्द बेहतर सुविधाएं मिल सकें। दौरे के दौरान रेस्ट हाउस के मरम्मत कार्य का भी निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने इसे आधुनिक और सुविधायुक्त स्वरूप देने के निर्देश देते हुए कहा कि जगरगुंडा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के ठहरने के लिए बेहतर व्यवस्था आवश्यक है।

### शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं को मिलेगी गति

सुकमा में कलेक्टर अमित कुमार की कार्यशैली की खास पहचान लगातार फील्ड विजिट, निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा और समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर रही है। उनके नेतृत्व में प्रशासन सुदूर क्षेत्रों तक विकास की योजनाओं को तेजी से पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। जगरगुंडा का यह दौरा भी इसी सक्रिय प्रशासनिक सोच का उदाहरण माना जा रहा है, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत सुविधाओं के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

# 8-10 साल पहले के अनुबंध से चल रहे निजी विद्यालय

**जिला शिक्षा अधिकारी बैठक लेकर व्यवस्था बेहतर करने की कह रहे बात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिले के कुछ निजी विद्यालय आठ-दस वर्ष पहले समाप्त हो चुके एग्रीमेंट के आधार पर अभी भी संचालित हो रहे हैं। जिन भवनों में कक्षाएं लग रही हैं उनके स्वीकृत ब्लूप्रिंट, भवन संबंधी आवश्यक अभिलेख तथा अन्य अनिवार्य दस्तावेज विभागीय रिकॉर्ड में उपलब्ध नहीं होने की बात सामने आ रही है।

विभागीय रिकॉर्ड में दर्ज भवन और वास्तविक संचालन स्थल में कथित अंतर बताया जा रहा है। यदि विभाग के

- नियमित जांच और कार्यवाही नहीं होने से भवन सुरक्षा बना खतरा

अभिलेखों में एक परिसर दर्ज है और विद्यालय किसी दूसरे भवन से संचालित हो रहा है। तो सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या विभाग को इसकी जानकारी है यदि जानकारी नहीं है, तो वर्षों से निरीक्षण किस आधार पर होते रहे। और यदि जानकारी थी, तो विभागीय रिकॉर्ड में आवश्यक संशोधन और नियमानुसार कार्रवाई क्यों नहीं की गई। मामले का गंभीर पहलू भवन सुरक्षा से जुड़ा है। जिन भवनों में वर्तमान में विद्यालय संचालित होने की बात सामने आई है, उनमें से कुछ की स्थिति जर्जर बताई जा रही है। यदि वास्तविक संचालन स्थल का विधिवत सत्यापन ही नहीं हुआ तो भवन की सुरक्षा, क्षमता और विद्यार्थियों के लिए उसकी उपयुक्तता का आकलन कैसे किया गया। यह भी जांच का विषय है।





### शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल

यदि कोई विद्यालय विभाग की जानकारी के बिना किसी अन्य स्थान पर संचालित हो रहा है, या विभागीय रिकॉर्ड वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाता, तो निरीक्षण, सत्यापन और मान्यता प्रक्रिया की प्रभावशीलता पर प्रश्न उठना लाजमी है। ऐसे मामलों में यह आवश्यक है कि केवल कागजी जांच तक सीमित न रहकर मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाए।

### सुरक्षा मानकों की जांच जरूरी

जिले में संचालित निजी विद्यालयों के दस्तावेज, वास्तविक संचालन स्थल, स्वीकृत ब्लूप्रिंट, भूमि एवं भवन संबंधी अभिलेख, स्वामित्व अथवा किरायानामा और सुरक्षा मानकों की व्यापक जांच समय की आवश्यकता बन गई है। जहां दस्तावेज और वास्तविक संचालन स्थल में अंतर मिले, वहां नियमानुसार कार्रवाई कर पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाना चाहिए।

### जल्द होगी निजी संचालकों की बैठक

इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी से कथित फर्जी दस्तावेजों और विद्यालय संचालन से जुड़े सवालों पर चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि बहुत जल्द जिले के निजी स्कूल संचालकों की बैठक बुलाई जाएगी। इसके बाद पूरे मामले की जानकारी साझा की जाएगी।

# तेज बारिश भी नहीं रोक सकी जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

जिले के दूरस्थ ग्राम कोंडासावली में लगातार हो रही तेज बारिश भी प्रशासन की जनसुनवाई को नहीं रोक सकी। सुकमा कलेक्टर अमित कुमार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार गांव पहुंचे और बारिश के बीच आम के पेड़ के नीचे छाता ओढ़कर ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुंद ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं और मांगें कलेक्टर के सामने रखीं। कलेक्टर ने प्रत्येक शिकायत और सुझाव को गंभीरता से सुना तथा कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बारिश के बावजूद ग्रामीणों और प्रशासन के बीच खुले वातावरण में हुई यह जनसुनवाई चर्चा का विषय बनी रही। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए उप स्वास्थ्य केंद्र तक मरीजों को पहुंचाने में आने वाली परेशानियों से अवगत कराया। इस पर कलेक्टर अमित कुमार ने संबंधित अधिकारियों को उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को समय पर उपचार



मिल सके। इसके अलावा मुख्य सड़क से स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचने में होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए कलेक्टर ने पेवर ब्लॉक रैंप के निर्माण के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं तक सुगम पहुंच उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस कार्य को जल्द पूरा किया जाए। चौपाल के दौरान वनाधिकार पट्टों का मुद्दा भी प्रमुखता से सामने आया। इस पर कलेक्टर ने जानकारी दी कि वनाधिकार पट्टों के लिए सर्वे का कार्य पूरा हो चुका है तथा अगले करीब डेढ़ माह के भीतर पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टों का वितरण कर दिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रक्रिया में तेजी लाने और पात्र परिवारों को समय पर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव की मूलभूत समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसके लिए अधिकारी नियमित रूप से ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करें। तेज बारिश के बीच आम के पेड़ के नीचे लगी यह चौपाल प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बेहतर संवाद का प्रतीक बनी। प्राकृतिक परिस्थितियों के बावजूद जनसुनवाई जारी रखने की इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की और उम्मीद जताई कि दिए गए निर्देशों पर शीघ्र अमल होगा, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य, बुनियादी सुविधाओं और वनाधिकार से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों का समाधान हो सकेगा।



# जिला पंचायत अध्यक्ष की जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के सुदूर वनांचल स्थित ग्राम पंचायत हिरोली, कड़मपाल एवं मदाडी का व्यापक दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया। उन्होंने गांव-गांव पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लिया, ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों में मौके पर ही समाधान सुनिश्चित कर प्रशासनिक संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही का उदाहरण प्रस्तुत किया। दौरे के दौरा मुड़ामी ने स्पष्ट कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य अंतिम छोर पर खड़े पात्र हितग्राही तक बिना किसी बाधा के लाभ पहुंचाना है। ग्रामीणों से चर्चा के दौरान कई दिव्यांगजनों ने बताया कि दिव्यांगता प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण वे विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित हैं। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर निर्देश किया गया। स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग की टीम ने बिना विलंब दिव्यांगजनों को जिला अस्पताल पहुंचकर उनके दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी, जिससे उन्हें सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ। एक दिव्यांग बालक विनय कुमार की शिक्षा का विषय सामने आने पर तत्काल संवेदनशीलता दिखाते हुए उसका प्रवेश सक्षम विद्यालय, जावंगा में सुनिश्चित कराने को कहा शिक्षा विभाग ने तत्काल दिव्यांग बालक सक्षम विद्यालय जावंगा के दाखिला करवाया।

### कांग्रेस आस्था को ठेस पहुंचाने का कर रही प्रयास

**दंतेवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं मीडिया पैनलिस्ट रामू नेताम ने अयोध्या राम मंदिर में कथित चंदा चोरी के मामले को लेकर कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता और उठाई गई मांगों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को राम मंदिर के



विषय में सवाल उठाने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि उसका इतिहास सनातन और भगवान श्रीराम के विरोध से जुड़ा रहा है। रामू नेताम ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल के दौरान हर संभव प्रयास किया कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण न हो। इसके लिए कांग्रेस से जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित अनेक वकील न्यायालय में राम मंदिर निर्माण के विरोध में खड़े रहे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने वर्षों तक श्रीराम जन्मभूमि मामले को उलझाए रखा और अब वही कांग्रेस राम मंदिर में चंदे की चिंता जताने का दिखावा कर रही है।

### प्रशिक्षण से छात्राओं में बढ़ेगा आत्मविश्वास और सुरक्षा का बोध

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी बिस्मिता पाटले के मार्गदर्शन में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के चयनित विद्यालयों में 1 से 5 जुला तक आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के अंतर्गत कस्तुरबा गांधी आवासीय परिसर जीएडी कॉलोनी बीजापुर एवं कन्या शिक्षा परिसर एजुकेशन सीटी बीजापुर में मास्टर ट्रेनर द्वारा किशोरी बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान छात्राओं को विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के उपाय, आत्मविश्वास के साथ संकट का सामना करने के तरीके तथा आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया देने के गुर सिखाए गये।

# हनीफ दूसरी बार अध्यक्ष व नवीन तीसरी बार सचिव बने

**बिजनेस साइट**

**जगदलपुर।** एसोसिएशन ऑफ बस्तर प्राइवेट स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन की महत्वपूर्ण बैठक नवनिर्मित संस्कार स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, धरमपुरा में आयोजित की गई। बैठक में जिले के विभिन्न निजी विद्यालयों के संचालकों एवं प्राचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा शिक्षा के क्षेत्र में समन्वय, सहयोग एवं निजी विद्यालयों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी दो वर्षीय कार्यकाल 2026–28 के लिए एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

- एसोसिएशन ऑफ बस्तर प्राइवेट स्कूल एडमिनिस्ट्रेशन की नई कार्यकारिणी गठन




नवगठित कार्यकारिणी में हनीफ बारवाटिया, हैम एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल को दूसरी बार अध्यक्ष एवं नवीन भावसार, संस्कार ग्रुप ऑफ स्कूल्स को लगातार तीसरी बार सचिव, फादर एंटनी के. वी. , प्राचार्य, विद्या ज्योति स्कूल को उपाध्यक्ष, विनीत शर्मा, माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल को कोषाध्यक्ष तथा सिस्टर ऐन मैरी, प्राचार्य, ज्ञानोदय स्कूल, करनपुर को संयुक्त सचिव निर्वाचित किया गया।

बैठक में वरिष्ठ शिक्षाविद् रतनलाल जैन,संस्कार द गुरुकुल को उनके दीर्घ अनुभव एवं शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए सर्वसम्मति से एसोसिएशन का मेंटर नियुक्त किया गया। साथ ही, फादर संतोष वर्गीस, प्राचार्य, निर्मल हायर सेकेंडरी स्कूल, जगदलपुर का नाम सर्वसम्मति से सिटी सीबीएसई कॉर्डिनेटर के पद हेतु प्रस्तावित किया गया।


सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

भास्कर आई केयर
BHASKAR EYE CARE
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology) Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## मनरेगा में मजदूरी बढ़ी ग्रामीण को मिली राहत

**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के ग्राम बेवरती निवासी धनेश्वरी साहू ने बताया कि पहले उन्हें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी



योजना (मनरेगा) के तहत 261 रुपये प्रतिदिन मजदूरी मिलती थी, जबकि अब विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत 300 रुपये प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि मजदूरी दर में वृद्धि से ग्रामीण श्रमिकों को आर्थिक संबल मिलेगा और परिवार की जरूरतें पूरी करने में सहूलियत होगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

## प्रवेश के लिए तीसरे चरण की आवेदन प्रक्रिया 22 से

**कांकेर।** कांकेर। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम 2009 के तहत निजी गैर-अनुदान प्राप्त विद्यालयों की कक्षा पहली की 25 प्रतिशत आरक्षित सीटों पर प्रवेश के लिए तीसरे चरण की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 22 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक चलेगी। जिले में 205 रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन एवं संशोधन किए जा सकेंगे। इससे पहले दो चरणों में कुल 489 विद्यार्थियों का चयन कर प्रवेश दिलाया जा चुका है।

## बुलेट से शराब का परिवहन, वाहन-शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**कांकेर/भानुप्रतापपुर।** अवैध



शराब के कारोबार पर लगातार शिकंजा कसते हुए थाना भानुप्रतापपुर पुलिस ने बुलेट मोटरसाइकिल से अवैध महुआ शराब का परिवहन कर रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 10 लीटर देशी महुआ शराब और परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है।

17 जुलाई को थाना भानुप्रतापपुर पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति काले रंग की रॉयल एनफील्ड बुलेट मोटरसाइकिल से ग्राम कराठी की ओर अवैध महुआ शराब लेकर जा रहा है। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने ग्राम कराठी के पास घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोककर जांच की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संबलपुर कराठी निवासी 58 वर्षीय फिरतू राम जैन बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो जरीकेन में कुल 10 लीटर देशी महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 1 हजार 600 रुपये आंकी गई। इसके साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीयू 5875, जिसकी कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये है, भी जब्त कर ली गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक कार्रवाई की।

# गरीबी शिक्षा में बाधा नहीं, विद्यार्थियों के आगे बढ़ने के कई अवसरः डीईओ निषाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल




ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने और मेधावी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से पॉवर क्रिकेट क्लब, लोहत्तर द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में चयनित छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने कहा कि आज के समय में गरीबी शिक्षा प्राप्त करने में बाधा नहीं है। शासन की विभिन्न योजनाएं और समाज का सहयोग विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराने की अपील करते हुए कहा कि ऐसे सम्मान समारोह विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं तथा अन्य बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 10 हजार, 5 हजार एवं 3 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

विशिष्ट अतिथि सहायक संचालक एसपी कोसरे ने पॉवर क्रिकेट क्लब की सामाजिक पहल की सराहना की। खण्ड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे ने अनुशासन और नियमित अध्ययन को सफलता की कुंजी बताया तथा वरिष्ठ व्याख्याता ललित नरेटी ने विद्यार्थियों से स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए क्लब अध्यक्ष प्रो. रितेश कुमार नाग ने कहा की यदि लोहत्तर विद्यालय का कोई विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करेगा तो क्लब की ओर से उसे हवाई यात्रा का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। समारोह में थाना प्रभारी रमेश जायसवाल, प्राचार्य सुशील कुमार साहू, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## सरोना में साढ़े 3 लाख के तार चोरी में एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

# पाँच लाख की दो बड़ी चोरियों का खुलासा, शातिर चोर शिकंजे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के आमाबेड़ा और सरोना में हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने किया। दरोनो मामले में पाँच लाख की चोरी हुई थी। दोनो मामले के आरोपी चोर को दबोचकर न्यायालय में भेजा गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार धमतरी निवासी एक कंपनी प्रतिनिधि ने थाना सरोना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के विद्युत लाइन निर्माण कार्य के लिए ग्राम मालगांव और बरकई के बीच सड़क किनारे रखा गया एसीएसआर पैंथर कंडक्टर तार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया। चोरी गए तार की अनुमानित कीमत लगभग 3.50 लाख रुपये बताई गई थी।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर एक संदेही कांकेर के सीमा से लगे ग्राम गोविंदपुर निवासी शुभम यादव पिता अशोक यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

**आमाबेड़ा में डेढ़ लाख के डीजल जनरेटर चोरी कांड में 4 चोर गिरफ्तार**



### दीवार में चुनवाकर रखा था चोरी के तार

*आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने फरार आरोपी के घर में सीढ़ी के नीचे दीवार चिनवाकर छिपाकर रखा गया चोरी का पूरा एसीएसआर पैंथर कंडक्टर तार बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामद माल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि इस चोरी में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।*

### चार चोरों को दबोचा और डीजल जनरेटर बरामद



*आमाबेड़ा। थाना आमाबेड़ा पुलिस ने लगभग 1.50 लाख रुपये मूल्य के डीजल जनरेटर चोरी मामले का सफल खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरी गया जनरेटर, वारदात में प्रयुक्त वाहन, जनरेटर लोड करने में इस्तेमाल की गई चैन सहित अन्य सामग्री बरामद कर ली है। पुलिस के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नालाग्राम के समीप पुल निर्माण स्थल से 17-18 मई 2026 की रात निजी निर्माण कंपनी का डीजल जनरेटर चोरी हो गया था। मामले में अपराध दर्ज करने के उपरांत मिले सबूत में इस मामले में चार चोर कांकेर थानांतर्गत पटौद निवासी 22 वर्षीय लोकेश नाग पिता संजय नाग, बड़ेपारा ठेलकाबोड़ निवासी 21 वर्षीय रितेश पटेल पिता ओमलाल पटेल, ठेलकाबोड़ निवासी 21 वर्षीय करण नाग पिता स्व. रामाधर नाग और चावड़ा निवासी 25 वर्षीय सुभाष कुलदीप पिता राकेश कुलदीप को पकड़ा गया।*

## मर्रापी के जंगल में मिला 3 किलो का प्रेशर बम, सुरक्षा बलों ने किया निष्क्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की सतर्कता और लगातार चलाए जा रहे सर्चिंग अभियान के बीच कांकेर जिले के मर्रापी जंगल-पहाड़ी क्षेत्र में एक सफलता हाथ लगी है। संयुक्त अभियान के दौरान डीआरजी और बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) की टीम ने लगभग तीन किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी बरामद कर उसी स्थल पर निष्क्रिय कर दिया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज श्री बद्री नारायण मीणा के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक कांकेर श्री निखिल राखेचा के मार्गदर्शन में जिले के संवेदनशील एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार नक्सल उन्मूलन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शुक्रवार 17 जुलाई को थाना कांकेर क्षेत्र के ग्राम मर्रापी के जंगल-पहाड़ी इलाके में डीआरजी और बीडीएस की संयुक्त टीम सर्चिंग पर निकली थी। सर्चिंग के दौरान सुरक्षा बलों को जंगल में संदिग्ध स्थान पर छिपाकर रखा गया एक प्रेशर कुकर आईईडी मिला, जिसका वजन लगभग तीन किलोग्राम बताया गया है। विस्फोटक मिलने की सूचना पर बीडीएस टीम ने तत्काल सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए क्षेत्र की घेराबंदी की और सावधानीपूर्वक आईईडी को मौके पर ही डिफ्यूज कर सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। समय रहते विस्फोटक निष्क्रिय किए जाने से किसी भी संभावित जनहानि या सुरक्षा बलों को नुकसान की आशंका टल गई।

इस अभियान में डीआरजी टीम का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक शैलेन्द्र भास्कर तथा बीडीएस टीम का नेतृत्व सहायक उप निरीक्षक गोवर्धन कोर्राम ने किया। पुलिस अधीक्षक निखिर राखेचा ने बताया कि नक्सल प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों में संयुक्त सर्चिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ अभियान चला रहे हैं तथा नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है।

## मजदूरी के पैसों पर हुआ विवाद, पति ने किया पत्नी एवं बेटे पर जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना कांकेर के अंतर्गत आने वाले ग्राम बेवरती शीतलापारा में घरेलू हिंसा का एक खौफनाक मामला सामने आया है। यहां मजदूरी के पैसों के हिसाब-किताब को लेकर हुए मामूली विवाद में एक कलयुगी पति ने अपनी ही पत्नी और बीच-बचाव करने आई मासूम बेटी पर ईंट से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में मां-बेटी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता ग्राम बेवरती निवासी 37 वर्षीय संगीता पाण्डे पति अजय पाण्डे ने पुलिस को बताया कि रोजी-मजदूरी का काम करती है। बीते गुरुवार 16 जुलाई को संगीता और उसका पति अजय दोनों गांव की ही शारदा चौरसिया के घर मजदूरी करने गए थे। काम खत्म कर जब दोनों घर लौटे, तो रात करीब 8 बजे मकान मालकिन शारदा चौरसिया ने संगीता को फोन कर मजदूरी के पैसे ले जाने को कहा। संगीता ने फोन पर ही शारदा से कहा कि उसकी मजदूरी का जो भी हिसाब बनता है, उसे उसके पुराने कर्ज में काट लिया जाए और सिर्फ उसके पति की मजदूरी के पैसे दे दिए जाएं। पत्नी की यह बात सुनते ही अजय पाण्डे आगबबूला हो गया। उसने चिल्लाते हुए कहा कि तुम अपनी मजदूरी के पैसे भी पूरे लो और इतने में ही वह गालियां देने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी पति ने आज तुझे जान से मार दूंगा कहते हुए संगीता से मारपीट शुरू कर दी और पास में पड़ी एक ईंट उठाकर उसके माथे पर दे मारी, जिससे खून बहने लगा। मां को लहूलुहान देख उनकी बेटी बीच-बचाव करने दौड़ी, तो आरोपी ने उसे भी नहीं बख्शा। उसने बेटी को भी उसी ईंट और लात-घूसों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसके माथे के दाहिने तरफ और हाथ की उंगलियों में गंभीर चोटें आई हैं।

## श्रद्धा व उत्साह के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



**भानुप्रतापपुर।** श्री राम जानकी हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में गुरुवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रथ यात्रा से पूर्व मंदिर परिसर में दोपहर को भगवान श्री जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

शाम को भगवान श्री जगन्नाथ का सुसज्जित रथ मंदिर प्रांगण से रवाना हुआ। रथ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींचकर स्वयं को धन्य माना और पूरे मार्ग में जय जगन्नाथ, जय बलभद्र और जय सुभद्रा के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रथ यात्रा का समापन दुर्गा मंदिर, नयापारा प्रांगण में हुआ। इस अवसर पर मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, महिला-पुरुष श्रद्धालुओं एवं युवाओं ने सहभागिता कर भगवान श्री जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति ने रथ यात्रा को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## बिजली बिलों में आनाप-शनाप वृद्धि, महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



क्षेत्र में लगातार बढ़ते बिजली बिलों को लेकर उपभोक्ताओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी समस्या के विरोध में सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रूमा राय एवं वार्ड पंच फूलकुंवर दुर्गे के नेतृत्व में विद्युत वितरण केंद्र दुर्गूकोंदल पहुंचीं। उन्होंने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर बढ़े हुए बिजली बिलों की जांच कराने तथा वास्तविक खपत के आधार पर बिल जारी करने की मांग की।

महिलाओं ने बताया कि अधिकांश परिवार सीमित आय पर निर्भर हैं, लेकिन पिछले कुछ महीनों से बिजली बिलों में लगातार वृद्धि हो रही है। उनका कहना है कि बिजली की खपत पहले जैसी होने के बावजूद बिल अपेक्षा से अधिक आ रहे हैं, जिससे परिवारों का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है और आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। पूर्व जनपद उपाध्यक्ष रूमा राय ने कहा कि महंगाई के दौर में मनमाने बिजली बिल आम जनता के लिए गंभीर समस्या बन गए हैं। उन्होंने विभाग से शीघ्र समाधान निकालने और मीटरों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो उपभोक्ता आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। वार्ड पंच फूलकुंवर दुर्गे ने कहा कि विद्युत विभाग को उपभोक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समय रहते उचित कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोगों को अनावश्यक आर्थिक बोझ से राहत मिल सके।

उपभोक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि बढ़े हुए बिजली बिलों में शीघ्र सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में विद्युत कार्यालय का घेराव कर व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। वहीं, विद्युत विभाग के अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।



## उत्कृष्ट खेल के लिए नवाज को मिली यूथ आइकान की उपाधि

**कांकेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की पहल मेरा युवा भारतकांकेर द्वारा जिले के खिलाड़ी एहसान नवाज बख़्श को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों और युवाओं के लिए प्रेरणादायी योगदान के लिए यूथ आइकॉन की उपाधि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उनके राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए सम्मान प्रदान किया गया।

जानकारी के अनुसार एहसान नवाज बख़्श ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर कांकेर जिले का नाम देश और विदेश में रोशन किया है। उन्होंने नेपाल में आयोजित एनवाईएससी अंतरराष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप के 60 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर भारत और कांकेर का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा उन्होंने एचएनएलयू इंटर यूनिवर्सिटी पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में 59 किलोग्राम भार वर्ग एवं ओपन कैटेगरी में स्वर्ण पदक हासिल किया तथा प्रतियोगिता के बेस्ट लिफ्टर का प्रतिष्ठित खिताब भी अपने नाम किया।

# ट्रैक्टर रिवर्स करने का विरोध करने पर अधेड़ की बेरहमी से की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम हाटकोंगेरा के शीतलापारा में ट्रैक्टर को लापरवाही पूर्वक रिवर्स करने का विरोध करने पर एक अधेड़ व्यक्ति के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं, जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार हाटकोंगेरा के शीतलापारा निवासी 48 वर्षीय श्रीचन्द दर्रो पिता घसियाराम दर्रो ने पुलिस को बताया कि बीते गुरुवार 16 जुलाई की रात करीब साढ़े 8 बजें गांव के ही साहू दुकान गए थे। जब वे दुकान से वापस अपने घर लौट रहे थे, तभी मोहल्ले में गांव का ही



साहिल कुंजाम पिता बीरबल कुंजाम अपने ट्रैक्टर को बेहद तेज रफ्तार और लापरवाही से रिवर्स कर रहा था। ट्रैक्टर को तेजी से अपनी ओर आता देख श्रीचन्द ने किसी तरह तुरंत वहां से हटकर खुद की जान बचाई। जान बचने के बाद जब श्रीचन्द ने ट्रैक्टर चालक साहिल कुंजाम को देखकर सावधानी से ट्रैक्टर चलाने की नसीहत दी, तो साहिल तैश में आ गया। उसने ट्रैक्टर रोका और नीचे उतरकर सीधे श्रीचन्द की गर्दन दबोच ली। आरोपी ने सरेराह गाली-गलौज करते हुए श्रीचन्द पर हाथ, घूंसे और लातों की बरसात कर दी। इस अचानक हुए हमले में पीड़ित श्रीचन्द के बाएं सिर, दाहिने चेहरे, पसली और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं और वे शरीर में असहनीय दर्द से कराह रहे हैं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर पीड़ित को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। घटना के बाद पीड़ित ने कांकेर थाने पहुंचकर आरोपी साहिल कुंजाम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी साहिल कुंजाम के खिलाफ धारा 115 (2), 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

## बीए के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए तृतीय मेरिट सूची जारी

**चारामा।** शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा द्वारा शैक्षणिक सत्रः 2026-27 के लिए बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए तृतीय अस्थायी मेरिट प्रवेश सूची 17 जुलाई को जारी कर दी गई है। प्रवेश प्रभारी रवीन्द्र सिंह



चन्द्रवंशी के अनुसार बीए-प्रथम सेमेस्टर की मेरिट सूची में सम्मिलित विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए आज से 25 जुलाई तक समयः प्रातः 11 से दोपहर 02 बजे के मध्य, निर्धारित प्रवेश शुल्क, ऑनलाइन प्रवेश आवेदन की हार्डकॉपी, 10वीं, 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पहचान पत्र आधार कार्ड या अन्य कोई की छायाप्रति, अपार कार्ड की छायाप्रति, स्थानांतरण एवं चरित्र प्रमाण पत्र की मूल प्रति, संबंधित बोर्ड मंडल द्वारा जारी माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूल प्रति, 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो, आनलाईन एंटी रैगिंग का शपथ पत्र, यदि कोई अधिभार हो जैसे एनएसएस, एनसीसी, खेलकूद, स्काउट आदि का तो प्रमाण पत्र की छायाप्रति और गैप हो तो नोटरी का इस सम्बन्ध में शपथ पत्र के साथ प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

## बरकई प्राथमिक शाला में प्रबंधन समिति का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



शिक्षा मंत्रालय की नई एसएमसी गाइडलाइन 2026 के तहत जिला कांकेर के विकासखंड नरहरपुर, तहसील सरोना अंतर्गत ग्राम पंचायत मालगांव के आश्रित ग्राम बरकई स्थित प्राथमिक शाला में शाला प्रबंधन समिति एसएमसी का गठन किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित बैठक में पालकों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नई समिति का चयन किया गया। बैठक में उपस्थित पालकों ने सर्वसम्मति से अनिप लाल निषाद को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष तथा पुरुषोत्तम नाग को उपाध्यक्ष चुना। इसके अलावा नियमानुसार अन्य सदस्यों का भी चयन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने विद्यालय के विकास, विद्यार्थियों के हित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। बैठक में शिक्षकों ने नई एसएमसी गाइडलाइन 2026 की जानकारी देते हुए बताया कि समिति विद्यालय और समुदाय के बीच मजबूत कड़ी का कार्य करती है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के नामांकन, नियमित उपस्थिति, ड्रॉपआउट रोकने, मध्याह्न भोजन की निगरानी, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग मिलता है। समिति गठन के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों एवं विद्यालय परिवार ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सभी ने पौधों की देखभाल का संकल्प लेते हुए विद्यार्थियों को भी प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। अंत में विद्यालय परिवार ने पालकों, ग्रामीणों एवं समिति के सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।